दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 24-08-2025

# 19 सीजेएम एडिशनल सेशन जज बने

बिलासपुर | हाई कोर्ट ने शुक्रवार को उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों के प्रमोशन और तबादले के आदेश जारी किए। आदेश के तहत 19 सीनियर सिविल जजों को एडिशनल सेशन जज बनाया गया, जबकि 27 सीनियर सिविल जजों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा जूनियर डिवीजन के 3 सिविल जजों का भी तबादला किया गया है। हाई कोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल मंसूर अहमद ने शुक्रवार को सभी अफसरों की पदस्थापना सूची जारी कर दी। आदेश के मुताबिक रायपुर स्थित राज्य उपभोक्ता फोरम में संयुक्त रजिस्ट्रार के पद पर पदस्थ मोना चौहान को बिलासपुर में एडिशनल सेशन जज नियुक्त किया गया है।